तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 14 दिसंबर 2025


13 सुखत के नाम पर किसानों से प्रति बोरा 100 से 200 ...


14 राजिम की तस्वीर और तकदीर तेजी से बदल रही ...






## खबर संक्षेप

### मक्के की खरीदी समर्थन मूल्य में करें : नागवंशी



**मैनपुर।** क्षेत्र के वरिष्ठ आदिवासी भुंजिया नेता टीकम नागवंशी ने बताया कि अब तक मक्का फसल की खरीदी प्रारंभ नहीं हुई है। किसान समर्थन मूल्य पर मक्का खरीदी की मांग कर रहे हैं लेकिन इस गंभीर समस्या की ओर राज्य सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। श्री नागवंशी ने कहा की जल्द ही समर्थन मूल्य पर मक्का की खरीदी किया जाए क्योकि क्षेत्र के किसान मक्का की तोड़ाई मिंजाई कर अब इसे बेचने का इंतिजार कर रहे हैं मजबुरन किसान अपने जरूरत की पूर्ति और कर्ज छुटने के लिए औने पौने दामों पर महज 15-16 रूपये किलो में व्यापारियों के पास मक्का बेचने मजबुर हो रहे हैं। श्री नागवंशी ने छत्तीसगढ़ सरकार से मांग किया है कि मक्का खरीदी समर्थन मूल्य पर प्रारंभ किया जाए और 25 रूपए किलो की दर से खरीदी किया जाए।

### दलहन-तिलहन बीज नहीं मिलने से किसान परेशान



**मैनपुर।** दलहन -तिलहन की खेती करने वाले किसान इन दिनों बेहद परेशान है। फसल परिवर्तन के तहत कुछ किसान सोयाबिन सूरजमुखी की भी फसल थोड़ा बहुत लेना चाह रहे हैं लेकिन उन्हे बीज नहीं मिल रहा है। लगातार कृषि विभाग का भी चक्कर लगा रहे हैं लेकिन विभाग के पास भी बीज नहीं नहीं है। किसानों ने बताया की मैनपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान धान की खेती के बाद दलहन तिलहन की फसल लेते हैं लेकिन उन्हे सूरजमुखी, सोयाबिन का बीज न तो खुले बाजार में मिल रहा है और न कृषि विभाग में जिसके कारण किसान परेशान है। किसानों ने बीज उपलब्ध कराने की मांग किया है। मैनपुर कृषि विभाग के अधिकारी जी के ठाकुर ने बताया की दलहन- तिलहन के कुछ बीज उपलब्ध है जिन्हे वितरण किया जा रहा है लेकिन सोयाबिन और सूरजमुखी का बीज उपलब्ध नहीं है।

धान खरीदी : पिछले माह प्रशासन ने 41 वाहनों से 55 लाख रुपए का किया था धान जब्त

# धान माफिया का नया खेल, ट्रक-ट्रैक्टर से तस्करी फेल, अब साइकिल, ऑटो और बाइक से हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर, देवभोग, ओड़िशा सीमा क्षेत्र में अवैध धान परिवहन के खिलाफ सख्त कार्रवाई के बाद माफिया ने अपना तरीका बदल लिया है। जब से पिकअप, ट्रैक्टर और ट्रकों पर शिकंजा कसा गया है, तब से अब धान की तस्करी साइकिल, ऑटो और मोटरसाइकिल से की जा रही है। खासकर ओडिशा सीमा से लगे देवभोग और मैनपुर के अमलीपदर तहसील क्षेत्र में यह नया पैटर्न तेजी से सामने आ रहा है। पिछले एक महीने में प्रशासन की ताबड़तोड़ कार्रवाई में 41 वाहनों से करीब 55 लाख रुपए कीमत का 4422 पैकेट धान जब्त किया गया है। इससे बड़े-बड़े कारोबारी और शातिर बिचौलिए बैकफुट पर आ गए हैं, लेकिन खेल बंद होने के बजाय और चालाक हो गया है। जिनकी गाड़ियां पकड़ी गईं, वहीं नए रास्ते निकाल रहे। सूत्रों के मुताबिक खोकसरा, सागौनभाड़ी, झिरिपानी, अमाड़, धूमाभटा, पीठापारा, फलसापारा, तुआसमाल और कसीपानी जैसे इलाकों में अब बाइक और साइकिल से धान ढोया जा रहा है। कुछ जगहों पर ऑटो का भी इस्तेमाल हो रहा है। बाइक चलाने वालों को पेट्रोल खर्च के अलावा रोजाना 500 रुपए दिए जा रहे हैं, जबकि साइकिल और ऑटो से धान ढोने पर प्रति बोरा 50 रुपए तय है। बिचौलियों ने सीमा से सटे अपने रिश्तेदारों के घर और खलिहानों को बना लिया है। रात के अंधेरे में, आधी रात से लेकर पौ फटने तक धान का यह खेल चलता है। जांच नाकों और मुख्य सड़कों से बचने के लिए अब और पगडंडियों का इस्तेमाल हो रहा है। दीवानमुड़ा इलाके में तो खेतों की मेड़ काटकर बाकायदा एक स्पेशल रास्ता तक बना लिया गया है। कई जगहों पर जब छोटी मात्र में धान पकड़ा भी जा रहा है, तो गरीब मजदूर होने का हवाला देकर उन्हें छुड़ा लिया जाता है। लेकिन हकीकत ये है कि छोटी-छोटी खेपों के पीछे भी वही पुराने बिचौलिए हैं, जिनकी गाड़ियां पहले पकड़ी जा चुकी हैं।

### अवैध तरीके से 2500 रुपए प्रति क्विंटल तक धान बेच रहे

दहीगांव का एक शातिर बिचौलिया इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। उसी ने झिरिपानी के रास्ते निष्टीगुड़ा और दहीगांव तक के जरिए धान सप्लाई की शुरुआत करवाई। इस बार औसतन प्रति एकड़ उत्पादन सिर्फ 10 से 12 क्विंटल रहा है, लेकिन कई किसान हर हाल में 21 क्विंटल बेचने पर अड़े हैं। यही वजह है कि वे अवैध तरीके से 2400 से 2500 रुपए प्रति क्विंटल तक धान बेच रहे हैं। बिचौलियों को भी यह सौदा फायदे का लग रहा है, क्योंकि समर्थन मूल्य और बोनस मिलाकर धान का रेट करीब 3100 रुपए बन रहा है। यही इस पूरे अवैध खेल को हवा दे रहा है।





# सीआरपीएफ कैंप में जवान ने एके-47 से की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमा पर स्थित सीआरपीएफ कैंप में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से सीमावर्ती क्षेत्र के सुरक्षाकर्मियों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना गरियाबंद जिले से सटी ओडिशा की सीमा के अंतर्गत आने वाले सोनाबेड़ा के आश्रित गांव ढेकूनपानी स्थित सीआरपीएफ कैंप में हुई। मृतक जवान की पहचान गोपीनाथ सबर के रूप में हुई है। जवान ओडिशा के खरियार के खरधरा गांव का मूल निवासी बताया जा रहा है। जवान गोपीनाथ सबर ने कैंप में ड्यूटी के दौरान अपनी सर्विस राइफल एके–47 से खुद को गोली मार ली। गोली लगने के तुरंत बाद कैंप में मौजूद अन्य जवान मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक जवान की मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही ओडिशा के कोमना पुलिस थाने की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक सीआरपीएफ जवान के शव को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि जवान ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया। जवान के सहकर्मियों और परिवार से पूछताछ के बाद ही कारणों का पता चल पाएगा। मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायता सुरक्षा बलों में तनाव और मानसिक स्वास्थ्य एक गंभीर मुद्दा है। यदि आप या आपका कोई जानने वाला किसी भी तरह के मानसिक तनाव से गुजर रहा है, तो तुरंत पेशेवर सहायता लें।



# कथावाचक युवराज की कार को ट्रक ने मारी टक्कर, सातवीं बार जानलेवा हमले का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कथावाचक आचार्य युवराज पांडे पर एक बार फिर जानलेवा हमले का आरोप सामने आया है। शनिवार शाम लगभग 6:05 बजे आचार्य युवराज पांडे साखरा (बसना) में कथा कार्यक्रम संपन्न कर अपने गृह ग्राम अमलीपदर लौट रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वे गरियाबंद के कुम्हारपारा के पास पहुंचे, पीछे से आए एक ट्रक ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में वाहन के पिछले हिस्से को गंभीर नुकसान पहुंचा है। राहत की बात यह रही कि आचार्य युवराज पांडे पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्हें किसी प्रकार की शारीरिक चोट नहीं आई है। घटना के बाद आचार्य युवराज पांडे ने इसे सामान्य दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि यह उन पर सातवां हमला है और आशंका जताई कि यह घटना भी सुनियोजित साजिश का हिस्सा हो सकती है। आचार्य ने बताया कि उन्हें लगातार किसी अज्ञात व्यक्ति या गिरोह से जान का खतरा महसूस हो रहा है। इस संबंध में वे पूर्व में प्रशासन को लिखित शिकायत भी सौंप चुके हैं।



### पुलिस मामले की जांच में जुटी

*कथावाचक युवराज पांडे ने कहा की "मुझे लगातार भय बना हुआ है। बार-बार इस तरह की घटनाएं हो रही हैं। आखिर कौन है जो मुझ पर हमला करवा रहा है।" उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है। घटना की जानकारी फैलते ही क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया है। स्थानीय लोगों और उनके समर्थकों ने कथावाचक की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग उठाई है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि यह घटना एक साधारण सड़क दुर्घटना थी या इसके पीछे किसी प्रकार की साजिश है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।*

### बीच सड़क में दो सांड आपस में भिड़े



**नवापारा-राजिम।** इस शहर में न जाने कहां से आए करीबन 30 से 40 की संख्या में सांड सड़कों पर घुम रहे हैं। इन सांडों को इंदिरा मार्केट, गंज रोड, बस स्टेण्ड, चंपारण चौक से लेकर शहर के सड़कों पर देखा जा रहा हैं। आपस में इनकी लड़ाई भी काफी खतरनाक होता है। लड़ते-लड़ते ये राह चलते कई बाइक सवारों को गिरा देते हैं तो कार अथवा दीगर वाहनों को अपनी चपेट में ले लेते हैं। शनिवार शाम व्यवस्ततम शहर के बस स्टेण्ड में दो सांड आपस में लड़ने लगे। इनकी लड़ाई लगभग 15 से 20 मिनट तक बीच सड़क में चलती रही। आने-जाने वाले लोग बचकर निकलते रहे। गनीमत था कि इस दौरान कोई बड़ी घटना नही हुई। इनकी लड़ाई को शांत नहीं होते देख आसपास के फल फ्रुट के ठेले वाले डंडा लेकर पहुंचे तब कहीं सड़क से हटकर सुभाष चौक की ओर छलांग लगाते हुए बढ़ गए। आए दिन ऐसा दृश्य शहरवासी देखते है और उनमें भय समा जाता है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 741.ऋतू ठाकुर पिता\पति विजय सिंग ठाकुर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाठा गाँव, 742. ओमप्रकाश देवांगन पिता\पति शरद कुमार देवांगन पता- दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर, 743. पूरण दास टंडन पिता\पति स्व. शिव दास टंडन पता- रामेश्वर नगर भनपुरी वार्ड न.-04 रायपुर, 744. हेमंत वर्मा पिता\पति बी.आर.वर्मा पता– रायपुर, 745. नूतनलता पिता\पति स्व. लखन लाल पता- सिद्धार्थ चौक टिकरापारा, 746. संतोष धीवर पिता\पति श्री पालू राम धीवर पता- ग्राम व पोस्ट सारागांव, 747. अंजना यादव पिता\पति जगत राम यादव पता- संजय नगर रायपुर, 748. आरती धीवर पिता\पति नारायण धीवर पता- मठपारा रायपुर, 749. मुकेश कुमार बैस पिता\पति राजेंद्र कुमार बैस पता- भाटागांव रिंग रोड रायपुर, 750. डी.डी. मेश्राम पिता\पति किशन मेश्राम पता- डॉ. राजेंद्र नगर रायपुर, 751. गौतम लाल साहू पिता\पति दरबारी राम साहू पता- परसवानी मगरलोड, 752. भोजेंद्र कुमार साहू पिता\पति स्व. जयसिंह साहू पता- नयापारा गोपुलपुर वार्ड धमतरी, 753. तोषण कुमार साहू पिता\पति चुम्मन लाल साहू पता- कातलबोड कोकड़ी, 754. यशोदा पाल पिता\पति पूरण पाल पता- करेली बड़ी, 755. हेमपुष्पा साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- मुड़ पार सुरगी राजनादगांव, 756. रमेश रामटेके पिता\पति स्व. रामा रामटेके पता- डोंगरगढ़ गाँव, 757. लखन लाल अहीर पिता\पति स्व. अमरसिंह अहीर पता- डोंगरगढ़ गाँव, 758. शम्भू नाग पिता\पति सुखदेव नाग पता- जगदलपुर, 759. हुमैरा कुरैशी पिता\पति जाकिर कुरैशी पता- पिथौरा, 760. दिलशान खान पिता\पति असगर खान पता- गुप्ता पारा वार्ड न.14, 761. वासुदेव वर्मा पिता\पति विश्राम वर्मा पता- धाराशिव लवन, 762. ईशांत देवांगन पिता\पति स्व. रघु राम देवांगन पता-सरगीपाल कोंडागांव, 763. अंजू पाण्डेय पिता\पति अश्वनी पाण्डेय पता- गणेश नगर रावण भाठा जामुल भिलाई, 764. N.K. दुबे पिता\पति श्री G.L दुबे पता-ईतवारी MP (BHILAI), शोभना यादव पिता\पति एम.पी. यादव पता-न्यू बोरसी दुर्ग, 765. महेंद्र देशमुख पिता\पति पवन कुमार देशमुख पता- गंज पारा दुर्ग, 766. पूर्णिमा चौहान पिता\पति घनश्याम चौहान पता- सुपेला भिलाई दुर्ग, 767. ख़ुशी साहू पिता\पति उपेन्द्र कुमार साहू पता- कुरूद, 768. भोज कुमार पिता\पति श्री आत्माराम पता- EWS -700 आदित्य नगर, 769. जय शोभा शोंड़े पिता\पति स्व. श्री श्रवण कुमार पता- भिलाई नगर सेक्टर-06, 770. सोनल निर्मलकर पिता\पति धन्नू लाल निर्मलकर पता- मैथिल पारा वार्ड न.-32 दुर्ग, 771. सुमन यादव पिता\पति कृष्णा यादव पता-नेहरु नगर उतई वार्ड क्र.09, 772. प्रिया सोनी पिता\पति नीलेश सोनी पता- वार्ड न.-19 बेमेतरा, **बिलासपुर संस्करण–** 773. राजेश शर्मा पिता /पति ईश्वर प्रसाद शर्मा पता- भटगांव बालको, 774. मनीष कुमार साहू पिता/पति गोपाल साहू पता- डोड़की बालको, 775. अनूप प्रकाश पिता/पति स्व. मसीह प्रकाश पता- कोरबा, 776. पूर्वा श्रीवास पिता/पति ईश्वर कुमार श्रीवास पता- भैरव ताल कोरबा, 777. रीतिका सोनी पिता /पति विक्की सोनी पता- मिशन रोड कोरबा, 778. बजरंग अग्रवाल पिता/पति आर.एन. अग्रवाल पता- टी.पी. नगर कोरबा, 779. नम्रता गान साहू पिता/पति घनश्याम साहू पता- पुलिस लाइन बालकों, 780. भुवन सिंह बिझवार पिता/पति स्व. मनहरण सिंह पता- मड़वारानी, 781. मनीषा वैष्णव पिता/पति मनहरण वैष्णव पता - सियाही मुड़ी, 782. अंकिता वैष्णव पिता/पति प्रमोद वैष्णव पता- सियाही मुड़ी, 783. रामायण सिंह पिता/पति उखाजी पता- मिशन रोड रामसागर पारा, 784. राहुल साहू पिता/पति राजेश्वर कुमार साहू पता- रामपुर कोरबा, 785. राजेन्द्र विश्वकर्मा पिता/पति परदेसी विश्वकर्मा पता- मानस नगर, 786. श्रुति पटेल पिता/पति श्री शिव कुमार पटेल पता- दरी कैलास नगर, 787. तरुण पिता /पति रेशम लाल पता- गेवरा घाट कोरबा, 788. दिलीप यादव पिता/पति पुनराम यादव पता- कोरबा, 789. सुनील दास कुलदीप पिता/ पति सुकृत दास कुलदीप पता- सियाही मुडी दर्रि कोरबा, 790. दशरथ शर्मा पिता/पति आर.एस. शर्मा पता- शांति नगर बालको, 791. संजय गजभईये पिता/पति टी.डी.गजभईये पता – बालको, 792. संतोषी श्रीवास पिता/पति सनत श्रीवास पता- रामशान रोड नेहरू नगर बालको, 793. सिधारार्थ डहरे पिता/पति धीरज डहरे पता- परसाभाठा बालको, 794. खयाती कुमारी निषाद पिता/पति राकेश कुमार निषाद पता- मुड़ पारा कोरबा, 795. बलराम सारथी पिता/पति देव प्रसाद सारथी पता- नेहरू नगर बालको, **भोपाल संस्करण –** 796. ललित शर्मा पिता\पति जगदीश प्रसाद शर्मा पता- वार्ड नं 15 रविन्द्र नाथ टैगोर विदिशा रोड, 797. हीतांशु पिता\पति प्रेम नारायण साहु पता- मकान न.-73 वार्ड नं.-73 नियर दुर्गा मंदिर, 798. मानवी पिता\पति संतोष बौरासी पता- जनता नगर करोद, 799. अनिता सिंह पिता\पति लाल बहादुर सिंह पता- 108 त्रिवेणी नगर करोद, 800. सुमित कुशवाह पिता\पति नारायण सिंह कुशवाह पता- विदिशा, 801. राजकुमार जैन पिता\पति नरेन्द्र कुमार जैन पता- दुर्गा नगर विदिशा, 802. धुरव दांगी पिता\पति ब्रजेश दांगी पता- बंटी नगर विदिशा, 803. हरिराम विश्वकर्मा पिता\पति चिरोंजी लाल पता- शंकर नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 804. अभिषेक पिता\पति अजय पता- सिंगौड़ी, 805. वेदिका पिता\पति संदीप पता-सिंगौड़ी, 806. अर्पण साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 807. पलक साहू पिता\पति कृष्ण लाल साहू पता- सिंगौड़ी, 808. नमामि राय पिता\पति विवेक राय पता- सिंगौड़ी, 809. अर्थव साहू पिता\पति प्रतीक साहू पता- सिंगौड़ी, 810. पूजा राय पिता\पति पुरुषोत्तम राय पता- सिंगौड़ी, 811. ललित हरिजन पिता\पति सुशील हरिजन पता- वार्ड नंबर 1 बिरसिंहपुर पाली उमरिया।

नियम एवं शर्तें लागू* शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# चारागाह पर अवैध कब्जे से ग्रामीण परेशान, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

ग्राम फूलबाहरा के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर वर्षों से चले आ रहे कथित अवैध कब्जे को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को छुरा तहसील कार्यालय में तहसीलदार गैंदलाल साहू को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि ग्राम की चारागाह के लिए आरक्षित भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए, ताकि पशुपालकों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम फूलबाहरा स्थित लगभग 2.89 एकड़ शासकीय भूमि, जिसे ग्राम पंचायत द्वारा चारागाह (चरागाह) भूमि के रूप में निर्धारित किया गया है, उस पर श्रवण कुमार गोंड, निवासी दादरगांव (नया) द्वारा लंबे समय से अवैध कब्जा किया गया है। ग्रामीणों के अनुसार उक्त भूमि पर निजी उपयोग किया जा रहा है, जिससे गांव के पशुपालकों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पशुपालन मुख्य आजीविका का साधन है, लेकिन चारागाह भूमि पर कब्जा होने के कारण मवेशियों के चरने के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इससे पशुपालकों को अपने पशुओं को दूर-दराज के क्षेत्रों में ले जाना पड़ रहा है, जिससे समय और संसाधनों की अतिरिक्त परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि इस मामले को लेकर लगभग चार माह पूर्व गरियाबंद कलेक्टर के जनदर्शन कार्यक्रम में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी। साथ ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छुरा को भी ज्ञापन सौंपा गया था। बावजूद इसके, अब तक न तो स्थल निरीक्षण किया गया है और न ही किसी प्रकार की कार्रवाई हुई है, जिससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ता जा रहा है।



### मामले की जांच कराएंगे

ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई नहीं की जाती है, तो वे आंदोलन करने के लिए विवश होंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी। इस संबंध में जब तहसीलदार गैंदलाल साहू से चर्चा की गई, तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच के उपरांत नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस शिकायत पर कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है और ग्राम फूलबाहरा के ग्रामीणों को शासकीय चारागाह भूमि से जुड़ी समस्या से कब तक राहत मिल पाती है।

## खबर संक्षेप

### नशे की हालत में हमाल से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नशे की हालत में मारपीट करने वाले दो लोगों के खिलाफ कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को देवनारायण ठाकुर निवासी टोंगोपानी ने बताया कि 12 दिसंबर की रात करीबन 7.30 बजे सुवरमाल मंडी से हमाली काम कर वापस अपने छोटे भाई दुलार ठाकुर एवं गांव के ओमन, नेपाल, भूषण के साथ घर आ रहा था। रास्ते में कोमाखान पेट्रोल पंप में पेट्रोल डलवाकर टोंगोपानी जा रहे थे, तभी पंप के सामने सड़क में शाहिल खान एवं रिंकू चंद्राकर उन लोगों को शराब के नशे में बेवजह गाली गलौज करने लगे। मना करने पर हाथ मुक्का एवं डंडे से प्रार्थी से मारपीट करने लगे। छोटे भाई दुलार ठाकुर व ओमन ठाकुर ने बीच बचाव किया तो दुलार ठाकुर के बांये हाथ की हथेली में किसी नुकीली वस्तु से चोट आई। मामले में 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले पर अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम कोल्दा सेवाती के एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले की जांच के बाद तेंदूकोना थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि मर्ग क्रमांक 30/2025 धारा 194 बीएनएसएस के मृतक देवकुमार साहू पिता बंशीलाल साहू निवासी ग्राम कोल्दा सेवाती के शव का विधिवत मर्ग पंचनामा कार्रवाई करने के बाद मृतक के परिजन पूर्णिमा साहू पति मृतक देवकुमार साहू, ओमप्रकाश साहू पिता स्व. देवकुमार साहू, तुलाराम साहू पिता बंशीराम साहू, कोमल चंद साहू पिता बंशीराम साहू के अलावा गवाहों का कथन लिया गया। जिसमें उन्होंने बताया कि आरोपी गिरवर चक्रधारी द्वारा मृतक देवकुमार साहू के नाबालिग पुत्र पर पैसा चोरी का झूठा आरोप लगाया गया और शर्ट उतरवाकर कुर्सी पर अपने आंगन में बिठाकर अपमानित किया गया। अपमानित होने के बाद आरोपी द्वारा चोरी हुआ पैसा मिल गया है बताया गया। इसी बात को लेकर आरोपी गिरवर चक्रधारी और मृतक देवकुमार साहू के बीच विवाद हुआ। इस दौरान आरोपी द्वारा मृतक को सार्वजनिक रूप से दो झापड़ मारा गया, जिससे मृतक को ग्लासनि हुई और उसने आत्महत्या करने की नीयत से धान में डालने वाले जहरीली दवा को पी लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने संपूर्ण जांच में आरोपी गिरवर चक्रधारी के द्वारा मृतक देवकुमार साहू को आत्मजहत्यार हेतु दुष्प्रेरित करना पाया गया और उसके विरूद्ध धारा 108 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


### गुरु घासीदास बाबा की जयंती पूर्व विशाल शोभायात्रा

**महासमुंद।** सतनाम पंथ के प्रवर्तक, मानवता, सत्य और समानता के संदेशवाहक गुरु घासीदास बाबा की जयंती के पूर्व नगर में निकाली गई विशाल शोभायात्रा का जिला कांग्रेस कमेटी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नेहरू चौक में आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने शोभायात्रा में सम्मिलित श्रद्धालुओं का आतिशबाजी, फूल-मालाओं से अभिनंदन कर तथा श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।

## राहत : ग्रामीणों को रात के समय गांव में आने -जाने में सुविधा हो रही

# 20 पाराटोला गांवों में उजियारा, मैनपुर की अंधेरी गलियों में लगी सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के 20 पाराटोला गांव के गलियों में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाकर ग्रामीणों के जीवन में उजियारा बिखेरने का कार्य किया जा रहा है। पहले गांव की गलियां शाम होते ही अंधेरे में डूबी रहती थी अब गलियों में सौर ऊर्जा से स्ट्रीट लाइट लगा देने से इसका लाभ ग्रामीणों को मिलने लगा है साथ ही ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

मैनपुर ब्लाक के 20 गांवो में समग्र ग्रामीण विकास परियोजना" "परिवर्तन" वित्तपोषित कार्यकम का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसकी कार्यकारी संस्था अफप्रो है उपरोक्त कार्यक्रम के माध्यम से 20 गांवो में सौर उर्जा लाइट स्थापना का कार्य किया जा रहा हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन में सौर स्ट्रीट लाइटें प्राकृतिक संसाधनों (सौर ऊर्जा) का उपयोग करके एक स्थायी और पर्यावरण के अनुकूल समाधान प्रदान करती हैं, जो ग्रिड-आधारित ऊर्जा पर निर्भरता कम करती हैं। ये लाइटें सौर ऊर्जा को बिजली में परिवर्तित करती हैं, जिसे दिन के दौरान एक रिचार्जेबल बैटरी में संग्रहित किया जाता है और रात में प्रकाश के लिए उपयोग किया जाता है, जिससे परिचालन लागत और कार्बन उत्सर्जन में कमी आती है। मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम साल्हेभाट में सौर उर्जा लाइट लगाने का कार्य शुरू हुआ है जिसमे बिहान आजीविका योजना के ब्लाक प्रोग्राम मैनेजर हेमन्त तिर्की साथ ही उनकी टीम से पीआरपी रेवती मनहरे, ग्राम संगठन अध्यक्ष रेखा नेगी और बिहान के कैडर और ग्राम पंचायत के उपसरपंच पारेश्वर, पंच अवध यादव, साथ अफप्रो टीम से प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश सोनी, कृषि विशेषज्ञ विकाश साहू और सामाजिक कार्यकर्त्ता किरण चक्रधर, कृपाल दास, ललिता कश्यप और टीम, ग्रामीण श्याम यादव, कोमल सिंग, जागेश्वर सिंह, बाबुलाल, हेम सिंह, थानेश्वरी बाई, भुलेश्वरी बाई, कलावती बाई, विद्या नेताम उपस्थित थे। ग्राम पंचायत मैनपुरकला के उपसरपंच सुधीर ठाकुर ने बताया की इस सौर ऊर्जा गली लाइट से लोगों को काफी राहत मिली है। ग्रामीणों को रात के समय गांव में आने -जाने में सुविधा हो रही है। पहले अंधेरे के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

### इन ग्रामों में लगाई जा रही सौर ऊर्जा लाइट

*मैनपुर ब्लॉक के बोईरगांव, बरदुला, बेहराडीह, ठेमली, पथर्री, डुमरघाट, मैनपुरकला, फुलझर, पंडरीपानी, कसाबाय, अड़गड़ी, पेंड्रा, जरहीडीह, कोसममुड़ा, गोपालपुर, छुईहा, गौरघाट, कोदोभाठ, भीरालाट, साल्हेभाठ ग्रामो के गलियों में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है जिससे ग्रामीणों के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है।*

# तांत्रिक ने प्रसाद में नशे की दवा खिलाकर लूटे 60 हजार के जेवर, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

गरियाबंद जिले के फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम भसेरा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक कथित तांत्रिक ने तंत्र-मंत्र का झांसा देकर एक ही परिवार के लोगों को नशीला प्रसाद खिला दिया और बेहोश होने पर लाखों रुपये के जेवर लेकर फरार हो गया। मामले की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करते हुए फिंगेश्वर पुलिस ने आरोपी को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पूरा मामला भसेरा गांव के साहू परिवार का है। पीड़ति परिवार ने पुलिस को बताया कि *रायपुर के रहने वाले कथित तांत्रिक सत्यनारायण साहू का उनसे परिचय था और वह घर को 'बंधन' करने (सुरक्षा के लिए पूजा) आया था। 10 तारीख की रात में तांत्रिक ने पूजा पाठ की। इसके बाद उसने प्रसाद बताकर लड्डू दिए और खाने को कहा, साथ ही पानी भी पिलाया। लड्डू खाने के बाद साहू परिवार के 8 सदस्यों में से 5 लोग पूरी तरह से बेहोश हो गए, जबकि 3 लोग होश में नहीं थे। इसी का फायदा उठाकर तांत्रिक *60 हजार रुपये कीमत के सोने का मंगलसूत्र एवं कान की बाली लेकर भाग गया।

घटना की जानकारी मिलने के बाद फिंगेश्वर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। साइबर और मुखबिर की मदद से पुलिस ने आरोपी सत्यनारायण साहू को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे लूटे गए जेवर की बरामदगी और पूछताछ कर रही है।

# कबड्डी चैंपियनशिप के लिए जिला टीम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





25वीं राज्य स्तरीय सीनियर व जूनियर कबड्डी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला कबड्डी संघ द्वारा चयन ट्रायल प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को रानी धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। सीनियर वर्ग में पुरुष व महिला, जूनियर वर्ग में बालक वर्ग में चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों को कैम्प लगाकर प्रेक्टिस एवं प्रशिक्षण दिया जायेगा। छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी अगले माह जनवरी में सीनियर कोरबा व जूनियर खिलाड़ी भाटापारा में जिला कबड्डी टीम भाग लेंगे। कबड्डी संघ के पदाधिकारी जिसमें अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिव त्रिलोक पारकर, उपाध्यक्ष शरद पारकर, पूरन लाल यादव, कोषाध्यक्ष राजेश धीवर, डायमन साहू, राघवेंद्र ध्रुव, प्रेम सिंग, नागेश, मिथलेश साहू, धनेंद्र साहू, वेद प्रकाश साहू, चित्रलेखा नागेश, कुंकुम साहू, लिकेश्वरी पारकर, सीमा यादव, यादराम, परमानन्द सहित शामिल हुए। खिलाड़ी बड़ी संख्या में भाग लिये जिसमें चयनित खिलाड़ियों को दावड़ा यूनिवर्सिटी की तरफ से टी शर्ट दिया गया। कबड्डी संघ के उपाध्यक्ष शरद पारकर ने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा व आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाता है ताकि खिलाड़ियों को परेशानी न हो व ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके।

# भक्त माता राजिम की जयंती की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





7 जनवरी को भक्त माता राजिम की जयंती की तैयारियों को लेकर रेस्ट हाउस में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 7 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम को बेहतर कैसे किया जाए? जिसे लेकर सभी से विचार विमर्श किया गया। साथ ही सुबह निकाली जाने वाली भव्य बाइक रैली एवं जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेन्द्र साहू ने कहा कि आगामी 7 जनवरी को लेकर मंच, भोजन व बैठक व्यवस्था को लेकर बात रखी। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि 7 जनवरी को लेकर भव्य रथ पूरे जिले में भ्रमण को लेकर कार्य योजना बनाकर बेहतर कार्यक्रम करने की बात पर जोर डाला। साहू संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू ने कहा कि आयोजन को बेहतर से बेहतर बनाने का हमारा प्रयास होगा ताकि समाज का गौरव एवं लोगों के प्रति विश्वास बढ़े। तैयारी बैठक में साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू, प्रदेश महिला उपाध्यक्ष श्रीमती साधना साहू, डॉ. सुनील साहू प्रदेश संगठन सचिव, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, गरियाबंद जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, जिला उपाध्यक्ष देवराज साहू एवं जिला महिला उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा साहू, कुंजन साहू, जगदीश साहू तहसील अध्यक्ष राजिम, तहसील उपाध्यक्ष टिकेश्वरी साहू, फिंगेश्वर तहसील अध्यक्ष खोमन साहू, छुरा तहसील आदि महेंद्र साहू रामकुमार साहू,रामकुमार साहू नगर अध्यक्ष, रूपसिंग साहू ,वीरेंद्र साहू,सोमप्रकाश साहू राजेश साहू, शेखर साहू, मोमीन साहू,कमलेश साहू, हरीश साहू, डॉ ओमकार साहू, चंदन साहू, तामेश्वर साहू, अशवनी साहू, नोखे साहू, भोले साहू, परिक्षेत्र साहू समाज नवापारा से अध्यक्ष रमेश साहू, रविशंकर साहू, राजू तेली, आलोक साहू उपाध्यक्ष राजिम भक्तिन माता समिति, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवापारा सुरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष प्रतीक साहू, व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष नवापारा डिगेश्वर साहू, सचिव कोमल साहू, तहसील साहू संघ से मोहन साहू सचिव, तुकेश साहू , चंद्रहास साहू सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। बैठक में जयंती कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित और ऐतिहासिक बनाने के लिए जिम्मेदारियां तय की गई तथा अधिक से अधिक सामाजिकजनों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने भक्त माता राजिम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में एकता व संगठन को मजबूत करने की अपील की।

# आरएसएस का बृहद घर संपर्क अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर प्रत्येक घरों में संघ के कार्यकर्ता जाकर बृहद घर संपर्क अभियान को सफल बनाने में लगे हुए हैं इसी कड़ी में पूरे देश भर में प्रत्येक राज्य में जिला खंड और मंडल स्तर पर या अभियान बहुत ही व्यापक तरीके से चलाया जा रहा है जिसमें संघ के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ इस कार्य में निरंतर लगे हुए हैं और हिंदू समाज को जगाने का कार्य कर रहे हैं घर-घर जाकर भारत माता की चित्र और संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इन 100 वर्षों में 100 वर्षों की यात्रा का विवरण सहित पांच परिवर्तन के उद्देश्य को लेकर घर-घर जा रहे हैं जिसमें पांच परिवर्तन सामाजिक समरसता ,पर्यावरण ,स्वदेशी सुख दिशा और कुटुंब प्रबोधन जैसे विषयों को लेकर के संघ देश को सर्वांगीण उन्नति के शिखर पर आसीन करना चाहते हैं और भारत को विकसित राष्ट्र बनाकर हिंदू राष्ट्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुके हैं जिसमें पूरे हिंदू समाज की प्रत्येक जनमानस की भागीदारी हो इस बातों को ध्यान में रखकर प्रत्येक कार्यकर्ता बृहद घर संपर्क अभियान के अंतर्गत घर-घर जा रहे हैं इसी कड़ी में शनिवार को ग्राम कठिया नंबर दो, तोरला ,मंदलोर ,सुंदरकेरा ,उमरपोटी ,आलेखुंटा ,जवईबांधा ,परसदा आदि गांव में सुंदरकेरा मंडल अंतर्गत आने वाले सभी गांव में बृहद घर संपर्क अभियान व्यापक स्तर पर जारी है।

### युवा सम्मेलन और जन जागरण पर जोर

मंडल पालक नत्थूराम साहू ने बताया कि इस अभियान को प्रत्येक ग्राम में 11 समिति मंडल में प्रत्येक गांव से तीन-तीन कार्यकर्ता 30 कार्यकर्ताओं की मंडल टोली, ग्राम प्रमुख, सह प्रमुख बनाकर अभियान को पूर्ण किया जा रहा है। जिसमें परसदा से ग्राम प्रमुख तोरला से खेमू साहू, दानी तारक, सचिन साहू, खोमेश साहू, रामखेलावन साहू, रामकुमार साहू, उमरपोटी से देवनारायण सिंह, पीके सिंह, मुरली यादव, प्रदीप साहू, आलेखुंटा से उपसरपंच प्रीतम सिन्हा, सरपंच झाड़ू राम सिन्हा, पवन सिन्हा, योगेश ध्रुव, चंद्रकला ध्रंव व मंडल के संयोजक कमलनारायण साहू, जवईबांधा से मुकेश साहू, कठिया से वीर सिन्हा, डॉक्टर सियाराम, टिकेश्वर वर्मा, मनहरण वर्मा, लोमस साहू, सुंदरकेरा प्रमिला साहू, हरेराम साहू, धीरू साहू, दीपक साहू, लुमन चक्रधारी, सरपंच विजय यादव सहित पूरे अभनपुर विधानसभा में निकॉन विस्तारक बनकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए हैं। श्री साहू ने बताया कि गांव-गांव में राष्ट्रीय स्वयं संघ का शाखा खड़ा हो गांव-गांव में सज्जन शक्ति खड़ा हो और गांव से 18 से 35 वर्ष का युवाओं का सम्मेलन विकास खंड स्तरीय होगा इसी प्रकार गांव में गांव प्रमुख सज्जन शक्ति महिलाओं का अलग-अलग स्तर पर सम्मेलन आयोजित कर जन जागरण काम को पूर्ण करने में लगे हुए हैं।

# धान के अवैध भंडारण एवं परिवहन पर बड़ी कार्रवाई

**महासमुंद।** जिले में अवैध रबी एवं खरीफ धान के संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध किए जा रहे सख्त कार्रवाई के क्रम में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशन में राजस्व, मंडी विभाग एवं संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों के विभिन्न तहसीलों में की गई कार्रवाई के दौरान अब तक कुल 2112 कट्टा धान जब्त किया गया है। विकासखंड सरायपाली अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अनुपमा आनंद के नेतृत्व में ग्राम बारडोली में रवि फसल का 95 कट्टा धान जब्त किया गया। वहीं ग्राम चनाट में कार्रवाई करते हुए 267 पैकेट अवैध रबी धान पकड़ा गया। इसके अलावा रात्रिकालीन गश्त के दौरान सराईपाली–सरसिवा मार्ग पर बगयीजोर के पास धान से लदे 5 वाहन जिसमें 4 माजदा एवं 1 छोटा हाथी जब्त किए गए।

# 10 लाख रुपए के इनामी 2 हार्डकोर माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर प्रतिबंधित संगठन सीपीआई (माओवादी) के डीजीएन डिवीजन में सक्रिय दो हार्डकोर माओवादियों ने हिंसा का रास्ता छोड़ते हुए आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण करने वाले दोनों माओवादी 5-5 लाख रुपये के इनामी थे, जिन पर कुल 10 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वालों में एसडीके एरिया कमेटी सदस्य संतोष उर्फ लालपवन तथा सीनापाली एरिया कमेटी सदस्य मंजू उर्फ नंदे शामिल हैं। दोनों माओवादी लंबे समय से गरियाबंद एवं ओडिशा सीमा क्षेत्र में सक्रिय थे और कई नक्सली घटनाओं में उनकी संलिप्तता रही है। संतोष उर्फ लालपवन बीजापुर जिले के आवापल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बण्डरपाली का निवासी है। वह वर्ष 2005 में माओवादी संगठन से जुड़ा और प्लाटून कमांडर से लेकर एरिया कमेटी सदस्य तक विभिन्न जिम्मेदारियां निभाता रहा। गरियाबंद क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए वह आईईडी ब्लास्ट, पुलिस मुठभेड़ों और विकास कार्यों में आगजनी जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल रहा। वर्ष 2018 से 2025 के बीच हुई कई बड़ी नक्सली घटनाओं में उसकी भूमिका रही है। मंजू उर्फ नंदे सुकमा जिले की रहने वाली है, जो वर्ष 2002 से नक्सली संगठन से जुड़ी थी। उसने बाल संगठन से लेकर एलओएस, सीएनएम और सिविल ड्रेस संगठन में कार्य किया। वर्ष 2021 से वह सीनापाली एरिया कमेटी सदस्य के रूप में गरियाबंद-नुआपाड़ा सीमावर्ती क्षेत्र में सक्रिय थी और कई चर्चित मुठभेड़ों में शामिल रही।

### हिंसा का मार्ग छोड़कर आत्मसमर्पण करें



दोनों माओवादियों ने बताया कि शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता, आवास, स्वास्थ्य सुविधा और रोजगार योजनाओं से वे प्रभावित हुए। पहले आत्मसमर्पण कर चुके साथियों के सुरक्षित और सामान्य जीवन को देखकर उन्होंने भी समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया। इस आत्मसमर्पण में गरियाबंद पुलिस के साथ ई-30, सीएएफ 19वीं बटालियन (इको कंपनी), 207 कोबरा तथा 65/211 बटालियन सीआरपीएफ की अहम भूमिका रही। गरियाबंद पुलिस ने जिले में सक्रिय अन्य माओवादियों से भी अपील की है कि वे हिंसा का मार्ग छोड़कर किसी भी थाना, चौकी या सुरक्षा कैंप में आत्मसमर्पण करें और शासन की पुनर्वास योजनाओं का लाभ उठाकर सम्मानजनक जीवन जिएं।

## जिले के गांधी मैदान में श्री राम जन्म की कथा का भक्तों ने किया रसपान

# प्रेम ही परमात्मा को बांधता है : चंद्रकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



सत्संग मानस मंडली द्वारा आयोजित राम कथा के चौथे दिन दीदी चंद्रकला ने कहा कि भगवान बांधने की चीज नहीं है, भगवान एक जगह केवल बंधते हैं उसका नाम है प्रेम..इसके अलावा संसार में कोई चीज ऐसी नहीं है जो परमात्मा को बांध सके , बैकुंठ में नहीं निवास मेरा ना योगी हृदय में आता हूँ मेरे भक्त जहां मेरा गान करें मैं वहीं स्वयं को पाया हूं भक्तों के खातिर सब करता मेरे भक्त मेरी दुर्बलता है यदि उन पर आँच कोई भी आए तो विधि विधान भी हिलता है मैं काल परे कल्पना परे मन बुद्धि में नहीं आता हूँ ब्रह्माण्ड अखिल में ना सिमटू पर भक्त हृदय में समाता हूं। गांधी मैदान के पंडाल में हजारों की संख्या में बैठे राम भक्तों को उन्होंने बताया किहमारे सनातन धर्म में विश्वास की प्रधानता दी गई है, अंधविश्वास की नहीं। धर्म तो एक ही है सनातन धर्म, पंथ अनेक हो सकते हैं, आपको अगर अपने धर्म से प्रेम है तो एक बात याद रखिएगा, आप जिस पर भी आश्रित हैं चाहे वो संत हो चाहे वह गुरु हों मै हाथ जोड़कर बात एक कह रही हूं जीवन में जो व्यक्ति भगवान से मिलने का मार्ग बताए वही सच्चे गुरु होंगे और अगर कोई ये कहे राम नहीं, कृष्ण नहीं, देवी नहीं, शंकर जी नहीं बल्कि जो हैं बस हम हैं तो आज से कान पकड़ के उनसे दूर हो जाईए, वो न संत हो सकते हैं न सतगुरु हो सकते हैं क्योंकि सतगुरु भगवान से मिलने का रास्ता बताता है खुद भगवान नहीं बनता है। आपका कर्तव्य बनता है एसे गुरु का ही आदर् और सम्मान करें जो भगवान से मिलने का रास्ता बताए , उन्होंने कालनेमी हनुमान जी का उदाहरण भी बताया।

### सनातन धर्म से इस संसार में कोई दूसरा धर्म नहीं

सदियों की मौन प्रतिक्षा में जब सपने पूरे होते हैं तब रोम रोम रो उठता है केवल दो नयन न रोते हैं, स्वाभिमान की रक्षा की जब कीमत बलिदान चुकाता है तब जाकर हम लोगों को ये शुभ दिन भगवान दिखाता है, हम है गवाह इन घड़ियों के हथकड़ियों से मजबूर नहीं पुष्पक विमान आकाश में हैं अब राम हमारे दूर नहीं, सत्कार आस्था का करिए युग बीत गए जो बनी रही। हिंदुस्तान के लिए बड़े गर्व का क्षण था जब कितने वर्षों के बाद ये वो पल आया जब अयोध्या धाम में हमारे राम लला अपने निज महल में विराजमान हुए।

# सुखत के नाम पर किसानों से प्रति बोरा 100 से 200 ग्राम अतिरिक्त धान ली जा रही

## छुरा क्षेत्र के खरीदी केंद्रों पर मनमानी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आदिम जाति सेवा समिति द्वारा धान खरीदी की जा रही है जिसमें समिति में एक कट्टे में 40 किलो धान की खरीदी की जानी है इसके अलावा नया बारदाना व पुराने बारदाना के हिसाब से बारदाना के वजन के हिसाब से धान की खरीदी की जानी है एवं समिति द्वारा नमी 17 प्रतिशत ली जा रही है उसे अधिक होने पर सूखने हेतु पुनः भेजा जा रहा है ,कई जगह पर धान की खरीदी 40 800, 40900 लिया जा रहा है जो किसानों को प्रत्येक कट्टे पर 100 से 200 ग्राम की अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

इस संबंध में समिति के पदाधिकारी से चर्चा करने पर कहां के वर्तमान में खरीदी चल रही है और अभी परिवहन प्रारंभ नहीं हुआ है जिससे सुखत होने की वजह से सभी समितियां का लाभ खत्म हो जा रहा है जिसे समिति नुकसान में जा रहा है इस नुकसान को भरपाई करने के लिए 100 से 200 ग्राम धान की अतिरिक्त खरीदी की जा रही है ,आदिम जाति सेवा समिति पाठ सिवनी के धान खरीदी के उप केंद्र परसदा में धान खरीदी केंद्र पहुंचने पर लगभग 40 800 की खरीदी की जा रही थी जिस पर किसानों ने आपत्ति भी दर्ज की, इस केंद्र प्रभारी सखाराम दीवान ने कहा कि सुखत सहित धान की सफाई के लिए खरीदी अतिरिक्त की जा रही है साथ-साथ उन्होंने कहा कि वर्तमान में रखे धान में सुखत भी आ रही है एवं दो दिन पहले खरीदी गए रेक के धान की खरीदी करने पर 40900 निकल गया इससे पता चलता है कि किसानों को कितने धान की खरीदी की जानी है। अब तक शासन भी स्पष्ट निर्देश जारी नहीं किया गया है।

### किसानों को अतिरिक्त धान की देना पड़ रहा

इसी तरह आदिम जाति सेवा समिति कनसिंधि पहुंचने पर वहां के हमालों ने 40 800 धान की खरीदी की जा रही है। इस संबंध में धान केंद्र के प्रभारी ध्रुव ने कहा कि सुखत की भरपाई के लिए अतिरिक्त तक खरीदी की जा रही है इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात है कि सुखत के चक्कर में किसानों को अतिरिक्त धान की देना पड़ रहा है। इस संबध में जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक ए एस सोम ने कहा की शासन द्वारा प्रत्येक बोरे में 40 किलो धान खरीदी के निर्देश प्राप्त हुए हैं साथ ही साथ उसमें साथ रखे हुए बोरे का पुराने एवं नए का अलग-अलग वजन है जिसमें 650 और 700 ग्राम के बजन है इसके हिसाब खरीदी की जा रही है। अतिरिक्त खरीदी के लिए समिति द्वारा तय नोडल अधिकारी ही बता पाएंगे। आदिमजाति सेवा समिति परसदा के नोडल अधिकारी शिव कुमार साहू को फोन लगाने पर फोन रिसीव नहीं किया और आदिम जाति सेवा समिति कनसिंधि के नोडल अधिकारी पोषण साहू को फोन नहीं लगा। इस प्रकार देखने पर पता चलता है कि सुखत की भरपाई के चक्कर में किसानों को अतिरिक्त 100 से 200 ग्राम अतिरिक्त प्रति देना पड़ रहा है।



---

## खबर संक्षेप

### चरौदा में घासीदास जयंती 18 को

**छुईहा बेलर।** चरौदा में गुरुघांसीदास जयंती समारोह पूज्य संत शिरोमणि श्री गुरू घांसीदास बाबा जी का 269वां जयंती 18 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथिगण रोहित साहू (विधायक राजिम विधान सभा) अध्यक्षता सुन्दर लाल बंजारे चरौदा, विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत महाडिक, जिला सदस्य गजानंद साहू सरपंच ग्राम पंचायत चरौदा होंगे।



### रजनकटा में मेला आज

**पांडुका।** छुरा विकास खंड के ग्राम पंचायत रजनकटा में लम्बी अंतराल पश्चात इस वर्ष ग्राम के समस्त देवी देवताओं की असीम कृपा से ग्राम रजनकटा में मंडई मेला का आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से बहुत धूमधाम से किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, अध्यक्षता तेजकुंवर कन्डरा सरपंच ग्राम पंचायत रजनकटा, विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत महाडिक सदस्य जिला पंचायत गरियाबंद, कुलेश्वर सोनवानी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, दुलारी साहू जनपद सदस्य छुरा, गौरव मिश्रा पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत छुरा, टीकम चंद साहू पूर्व सांसद प्रतिनिधि महासमुंद लोकसभा, वीरेंद कश्यप उपसरपंच रजनकटा रहेंगे। हमारे राज्य मे मँडई का इतिहास सैकड़ों वर्ष पुराना है। बोलचाल की सामान्य भाषा में मड़ई शब्द का अर्थ मेलजोल व भेंट से होती है। मड़ई हमारी संस्कृति की विरासत है जिसे हम एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक हस्तांतरित करते हुए चले आ रहे हैं। रात्रिकालीन कार्यक्रम चंपा बसन छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी ग्राम - भकुर्रा (पथरा टोला) की प्रस्तुति, कार्यक्रम स्थान ग्राम रजनकटा (पाण्डुका) में होगा।

### लाफिनकला में एनएसएस शिविर आयोजित

**महासमुंद।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज द्वारा ग्राम लाफिनकला में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर 8 दिसंबर से आयोजित है। शिविर के छठवें पतंजलि योग समिति के राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव द्वारा समस्त छात्राओं, शिक्षकगण, ग्राम प्रतिनिधि, ग्रामवासियों को सुबह 6 से 8 तक योगाभ्यास कराया गया। रोगानुसार योग, जड़ी-बूटी का परिचय, विभिन्न बीमारियों में आयुर्वेद समाधान आदि के बारे में जानकारी दी गई। शिविर के कार्यक्रम अधिकारी सालिक ढीमर द्वारा बताया गया कि शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्या चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित है। जिसमें प्रातः 5 बजे छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी, योग, जुंबा, नारा लेखन स्वच्छता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाता है। शिविर में सरपंच राधेश्याम साहू, उपसरपंच भूपेंद्र साहू, नितिन पटेल, गोवर्धन साहू, मोहित साहू, कमलेश साहू, सहायक कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत कराल, लैब टेक्नीशियन पूनम पटले आदि उपस्थित रहे।

### कर्मचारी संघ की बैठक आज

**कोमाखान।** छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं अखिल भारतीय राज्य कर्मचारी संघ की एक बैठक रायपुर सप्रे शाला भवन में 14 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे आहूत की गई है। बैठक में प्रांतीय पदाधिकारीगण के अलावा जिला, विकासखंड, तहसील के अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारीगण शामिल होंगे।

---

**संकट:** 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से करोड़ रुपये के विकास कार्य ठप

# 72 पंचायतों का खजाना खाली, 10 माह से 15वें वित्त आयोग की राशि है लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा/बेलर



- ग्रामीण विकास और हाईकोर्ट के आदेश अटके

फिंगेश्वर विकासखंड की लगभग 72 ग्राम पंचायतों को पिछले दस माह से 15वें वित्त आयोग की मूलभूत अनुदान राशि का एक रुपया भी प्राप्त नहीं हुआ है। केंद्र सरकार से पंचायतों को मिलने वाली 2024-25 और 2025-26 की किस्तें जारी न होने के कारण, ये पंचायतें गहरे आर्थिक संकट से जूझ रही हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़ गए हैं। आर्थिक संकट के बीच पंचायतों की मुश्किलें तब और बढ़ गईं, जब हाईकोर्ट ने उन्हें मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। हाईकोर्ट ने मुक्ति धाम (श्मशान), साफ-सफाई, नल-जल, बिजली, शौचालय, बाउंड्रीवॉल और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाओं को 15 दिनों के भीतर दुरुस्त करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि सम्मानजनक अंतिम संस्कार प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है और इसमें लापरवाही गंभीर अपराध मानी जाएगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने कोर्ट के आदेश के बाद पंचायतों को तत्काल अमल के निर्देश तो दिए हैं, लेकिन विडंबना यह है कि जिन पंचायतों से 15 दिनों में काम पूरा करने को कहा गया है, उनके पास खर्च करने के लिए एक भी रुपया नहीं है।

### जिले में 75 करोड़ का विकास कार्य ठप

आबादी के आधार पर दो किस्तों में मिलने वाली 15वें वित्त आयोग की राशि नहीं मिलने से जिले में अनुमानित 75 करोड़ रुपये के विकास कार्य ठप पड़े हैं। गांवों की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, सामुदायिक कार्यक्रम रुक गए हैं, और निर्माण एवं मरम्मत कार्य पूरी तरह बंद हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर, चपरासी और अन्य कर्मचारियों को समय पर वेतन और मानदेय नहीं मिल पा रहा है, जिससे उनकी आजीविका पर सीधा असर पड़ा है। कुछ कर्मचारियों ने तो काम भी छोड़ दिया है।

### उधार भी मिलना बंद, संवैधानिक कर्तव्य निभाने में असमर्थ

हालात इतने गंभीर हो गए हैं कि अब तक निजी उधारी लेकर काम चला रहे सरपंचों को भी बाजार में उधार मिलना बंद हो गया है। आर्थिक संसाधनों के पूर्ण अभाव में सरपंच अपने संवैधानिक कर्तव्यों का निर्वहन करने में खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। सरपंच संघ फिंगेश्वर के अध्यक्ष हरिश साहू ने कहा कि बिना बजट के हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करना असंभव है। उन्होंने कहा कि निधियों के अभाव में न तो मुक्ति धामों की स्थिति सुधारी जा सकती है और न ही स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी जरूरतों पर कोई ठोस कार्रवाई हो पा रही है। संघ की ओर से सरपंचों ने एकजुट होकर कलेक्टर गरियाबंद कार्यालय में हड़ताल और प्रदर्शन भी किया, लेकिन अब तक कोई सार्थक पहल नजर नहीं आई है।

### तत्काल हस्तक्षेप की मांग

समस्त सरपंच संघ फिंगेश्वर ने शासन से मांग की है कि 15वें वित्त आयोग की लंबित राशि तत्काल जारी की जाए, ताकि पंचायतें न केवल हाईकोर्ट के आदेशों का पालन कर सकें, बल्कि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा सकें। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं निकाला गया, तो इसका सीधा असर ग्रामीण जीवन और शासन की विश्वसनीयता पर पड़ेगा।

---

# भाटीगढ़ आश्रम में बाउंड्रीवॉल नहीं होने से 120 छात्र खतरे में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से मात्र तीन किलोमीटर दूर ग्राम भाठीगढ़ में स्थित आदिवासी बालक आश्रम भवन पहाड़ी और सघन जंगल के ठीक नीचे निर्मित है। इस आश्रम में कक्षा पहली से लेकर आठवीं तक के लगभग 120 छात्र निवास कर अध्ययनरत हैं, लेकिन बाउंड्रीवॉल (चहारदीवारी) न होने के कारण यहां हमेशा वन्य प्राणियों, जहरीले सर्प और कीड़े-मकोड़ों का खतरा बना रहता है, जिससे बच्चे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आश्रम भवन के असुरक्षित होने की गंभीरता इस बात से पता चलती है कि लगभग दो वर्ष पहले एक जंगली भालू पहाड़ी रास्ते से आश्रम के भीतर घुस गया था। पूर्व सरपंच जिलेन्द्र नेगी ने बताया कि उस समय कर्मचारियों और चौकीदार की मुस्तैदी से भालू को बाहर निकाला गया था और सभी सुरक्षित रहे थे। घटना के बाद ग्राम पंचायत द्वारा तुरंत आश्रम के चारों ओर अहाता (बाउंड्रीवॉल) निर्माण के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन स्तर पर भेजा गया था। जनप्रतिनिधि ने बताया कि संबंधित विभाग के अधिकारियों ने निरीक्षण कर एस्टीमेट भी तैयार किया था, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है।

### गड्ढों और खाई का भी खतरा

वन्यजीवों के खतरे के साथ ही, आश्रम भवन के चारों ओर बड़े-बड़े गड्ढे और खाई भी हैं। छुट्टी के समय छोटे-छोटे बच्चे इन्हीं स्थानों पर खेलकूद करते रहते हैं, जिससे हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है। पूर्व सरपंच जिलेन्द्र नेगी ने जोर देकर कहा कि आश्रम के चारों ओर बच्चों की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल के निर्माण के साथ ही इन बड़े-बड़े गड्ढों का मिट्टी से समतलीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

### कलेक्टर से हस्तक्षेप की मांग

ग्राम पंचायत भाठीगढ़ के सरपंच पुष्पा नेगी, पूर्व सरपंच जिलेन्द्र नेगी सहित डाकेश्वर नेगी, रामदास वैष्णव, आसाराम यादव और क्षेत्र के लोगों ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर बीएस उइके से तत्काल इस दिशा में ठोस कार्रवाई करने और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

---

# कचना ध्रुवा कॉलेज की जनभागीदारी बैठक में ई-पुस्तकालय पर लगी मुहर

**छुरा।** जनभागीदारी समिति, शासकीय कचना ध्रुवा महाविद्यालय की प्रथम बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता थानसिंग निषाद ने की। बैठक की शुरुआत में अध्यक्ष ने समिति को संबोधित करते हुए कहा कि महाविद्यालय में विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराना ही हमारी प्रथम प्राथमिकता है। बैठक में विद्यार्थियों के हित से जुड़े कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा की गई। इनमें प्रमुख रूप से विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ पेयजल की सुविधा के लिए वाटर कूलर स्थापना, पुस्तकालय कक्ष की मरम्मत ई-पुस्तकालय के निर्माण के लिए कंप्यूटरीकृत सॉफ्टवेयर की व्यवस्था, कक्षाओं में सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, परिसर की सुरक्षा के लिए कैटल गार्ड लगाने, परिसर में मौजूद सूखे वृक्षों की कटाई, महाविद्यालय का दायरा बढ़ाते हुए वृहद वृक्षारोपण, विद्यार्थियों के लिए नए विषयों की शुरुआत के लिए नवीन भवन निर्माण के लिए कार्य योजना प्रपत्र तैयार करना सभी विषयों पर समिति सदस्यों ने अपनी राय व्यक्त की तथा सर्वसम्मति से प्रस्तावों को स्वीकार किया गया। अध्यक्ष ने आगामी कार्यों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।




इस बैठक में समिति के सदस्य नारायण पटेल, निखिल साहू, रिंकू सचदेव, आशकरण टंडन, संतोष ध्रुव, सज्जन शर्मा, दीनू कोठारी, कुश साहू, शीतल ध्रुव सहित प्राचार्य चंद्रहास पटेल, महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।अध्यक्ष थानसिंग निषाद ने समिति को आश्वस्त किया कि महाविद्यालय में सुविधाओं के विस्तार के लिए आगामी दिनों में हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा छात्रहित के सभी आवश्यक कार्य प्राथमिकता के साथ पूर्ण किए जाएंगे।

---



# बिजली की शालाओं में शिवबती निषाद की स्मृति में न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम पंचायत बिजली अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बिजली, नवाडीह प्राथमिक शाला बिजली तथा मड़वाडीह पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में शुक्रवार को न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मोतीराम निषाद पूर्व सरपंच द्वारा अपनी माता एवं वर्तमान सरपंच पद्मा निषाद अपनी सासु माता स्वर्गीय शिवबती निषाद की श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की मंशा के अनुरूप बच्चों को पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराना तथा सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करना रहा। न्योता भोज कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विजय कुमार कंडरा (विधायक प्रतिनिधि), रामनारायण मिश्रा (प्राचार्य, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बिजली), नोहर सिंह निषाद (प्राचार्य, बोरसी), व्याख्याता पूरन लाल साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू (देवगांव), उप सरपंच तोषण पटेल, पूर्व उप सरपंच गजेंद्र निषाद सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को दाल, चावल, सब्जी, बड़ा, पूड़ी एवं लड्डू परोसे गए। स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी स्पष्ट रूप से झलकती दिखाई दी।

---

# फिंगेश्वर कॉलेज में एनएसएस स्वयंसेवकों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



राष्ट्रीय सेवा योजना प्रमाण पत्र, सम्मान एवं पुरस्कार मै नहीं, बल्कि आप थीम पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ, फणिकेश्वर नाथ शासकीय महाविद्यालय-फिंगेश्वर के बैनर तले एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय के सेमिनार हाल में किया गया। इस कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना मैनुअल 2006 के अनुसार रासेयो के विभिन्न क्रियाकलापों, स्वयंसेवको को कार्य–दैनन्दिनी संपादित करने के तरीके एवं विभिन्न रासेय शिविरों व प्रमाण–पत्रें तथा सी-प्रोजेक्ट परियोजना फाइल संधारण करने के संबंध में विशेष परिचर्चा पीपीटी,वीडियो प्रस्तुतीकरण के माध्यम किया गया।स्वयंसेवकों को बी,सी, राजकीय, राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय स्तर के सर्टिफिकेट अवार्ड के बारे आवश्यक आधारभूत जानकारी दी गई एवं सी प्रतिवेदन प्रोजेक्ट से सम्बंधित विभिन्न प्रारूपो व पहलुओं पर बिंदुवार परिचर्चा किया गया।रासेयो अंतर्गत मुख्यतः स्वयंसेवको को दो प्रकार के गतिविधियो में भाग लेना होता है।

एक नियमित गतिविधि एवं दूसरा विशेष शिविर कार्यक्रम।नियमित गतिविधि मूलतः स्वयंसेवको की उन्मुखीकरण, कैंपस कार्य एवं समुदाय कार्य के रूप में सम्पादित करना होता है।सामुदायिक कार्य के रूप में संस्थागत कार्य जैसे–महिला,वृध्दजन,बच्चे एवं दिव्यांगजनों का हित,सा माजिक समस्या, पर्यावरण, सामाजिक तनाव,स्वास्थ्य, शिक्षा,स्वच्छता इत्यादि से सबंधित गतिविधिया निहित होते है।मुख्य वक्ता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवादास बंजारे में अपने वक्तव्य में कहा कि रासेयो का उद्देश्य सहयोगात्मक क्रियाकलापों के द्वारा शिक्षा को वर्तमान स्थिति के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना है।स्वयंसेवकों को ग्रामीण स्थिति से रूबरू कराना है, ताकि समुदाय का वास्तविकता की पहचान हो सके तथा छात्र–छात्रओं में अव्यक्त क्षमताओं की खोज करके उनमे नेतृत्व के गुणों का विकास कर सके,श्रम और स्व–सहायता की गरिमा बना रहे तथा युवाओं को राष्ट्रीय प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके।कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवको द्वारा प्रोजेक्ट कार्य के दौरान आने वाले समस्याओ तथा उनके द्वारा पूछे गए संशयात्मक सवालो का निराकरण कार्यक्रम के दौरान किया गया।

---

**जनपद सीईओ ने पंचायतों में पीएम आवास की प्रगति का निरीक्षण किया**

# हितग्राही 15 मार्च तक निर्माण कार्य पूरा करें : सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

जनपद पंचायत सीईओ सतीष चन्द्रवशी ने ग्राम रसेला, रूवाड, भरूवामुडा में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण कार्य की प्रगति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने लाभार्थियों से मुलाकात की और आवास निर्माण कार्य की स्थिति की जानकारी ली। सीईओ ने सभी नवीन स्वीकृति आवासों के हितग्राहियों को निर्देशित किया कि वे 15 मार्च से पहले अपने आवासों का निर्माण कार्य पूरा करें। 15 मार्च तक सभी प्रथम किस्त जारी किए गए आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाए। निरीक्षण के दौरान, मनरेगा से संबंधित मजदूरी राशि के वितरण पर भी चर्चा की गई। रोजगार सहायक से कहा गया कि जिन आवासों का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है, उनमें मनरेगा की मजदूरी राशि समय पर जारी की जाएं। उनके लिए रोजगार सहायक को चेतावनी दी गई कि मस्टरोल के कारण किसी भी आवास का कार्य लंबित न रहे, अन्यथा उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही,जिन हितग्राहियों ने अभी तक अपने आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए हैं, उनके खातों की जांच करते हुए प्रथम किस्त की राशि का दुरूपयोग रोकने के लिए उनके खातों को होल्ड करने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही पंचायत सचिव और सरपंच को कहा जो अभी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है उसको नोटिस जारी करिए। यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी हितग्राही आवास निर्माण की राशि का ग़लत उपयोग न कर सके। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा किए गए इस निरीक्षण का उद्देश्य योजना की प्रभावी क्रियान्वयन और समय पर आवास निर्माण सुनिश्चित करना था, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को शीघ्रता से आवास का लाभ मिल सके।



### कार्य में गति लाने के निर्देश

वनांचल क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायतों में वर्ष 2024 -25 एवं 2025 -26 के प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत निर्माणधीन एवं स्वीकृति आवासों का स्थल निरीक्षण किया। ग्राम रसेला में निरीक्षण के दौरान उन्होंने अप्रारभ आवासों को तुरंत शुरू कराने, प्रगतिरत आवासों में तेजी लाने, निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्माण सामग्री की उपलब्धता बढ़ाने तथा कार्य में गति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सरपंच रूपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, सचिव रुपसिग यादव, रोजगार सहायक तेजराम ध्रुव, आवास मित्र मूलचंद सोरी, रोजगार गारंटी के कार्यक्रम अधिकारी रमेश कंवर,तकनीकी सहायक कपील ध्रुव, पूर्व सरपंच बिग्रेद्र ठाकुर, बिहान समूह के महिलाएं सेवती ठाकुर, लोमेश्वरी कोमर्रा, सविता कोमर्रा सहित सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

---

# धान खरीदी ने पकड़ी जोर, गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग क्षेत्र में धान खरीदी अब जोर पकड़ लिया है। धान खरीदी केन्द्रों में भारी भीड़ देखी जा रही है। चारो तरफ किसान ट्रेक्टर व अन्य साधनों से धान सहकारी खरीदी केन्द्रों तक ला रहे हैं और धान खरीदी को लेकर लगातार जिले के कलेक्टर से लेकर स्थानीय अधिकारी दौरा कर रहे हैं साथ ही किसानों को कोई परेशानी न हो इसके लिए लगातार निर्देश दे रहे हैं। मैनपुर क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में गरियाबंद कलेक्टर बीएस उइके ने स्वयं निरीक्षण कर किसानों के धान को निर्धारित मात्रा में तौलने के निर्देश देते हुए कहा की धान तौलने भरने स्टेकिंग करने में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। प्रतिदिन धान खरीदी होने के उपरांत उसे सिलाई कर उसे स्टेकिंग कराए वहीं स्थानीय अफसर भी धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर रहे है और किसानों को कोई परेशानी न हो इसका निर्देश भी दे रहे है।

# बाघ संरक्षण को मिलेगा बल, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में छोड़े जाएंगे 180 हिरण और नीलगाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघों की लगातार मूवमेंट को देखते हुए वन विभाग ने प्रे-बेस सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। इसी क्रम में जंगल सफारी से हाल के दिनों में लगभग 60 हिरण यूएसटीआर के कोर एरिया में छोड़े जा चुके हैं। रिजर्व क्षेत्र में कुल 100 हिरण छोड़ने की अनुमति मिली है। इसके साथ ही करीब 80 नीलगाय भी यूएसटीआर में छोड़ी जाएंगी। इसकी पुष्टि यूएसटीआर के ने की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या बढ़ाकर बाघों के लिए अनुकूल शिकार आधार तैयार किया जा रहा है, ताकि प्रवासी बाघ यहां टिक सकें। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में पहले से ही बड़ी संख्या में मांसाहारी वन्यजीव, विशेषकर तेंदुए, विचरण कर रहे हैं। वहीं इंद्रावती टाइगर रिजर्व से भी बाघों की आवाजाही लगातार देखी जा रही है। हाल ही में कब्जाई गई वन भूमि को खाली कराने के बाद वन विभाग ने उस क्षेत्र में ग्रास लैंड विकसित किया है। ग्रास लैंड तैयार होने और जंगल सफारी में हिरण व नीलगाय की संख्या बढ़ने के बाद इन्हें यूएसटीआर में छोड़ने का निर्णय लिया गया है। वन विभाग ने हिरणों के शिकार पर रोक लगाने के लिए वनकर्मियों को लगातार निगरानी और मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। साथ ही अवैध शिकार करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। वन्यजीव विशेषज्ञों के अनुसार बाघों का प्रजनन काल नवंबर से अप्रैल के बीच रहता है। इस दौरान मादा बाघ सुरक्षित और अनुकूल क्षेत्र की तलाश में अपनी टेरिटरी से बाहर भी निकल जाती है। यदि किसी नए क्षेत्र में पर्याप्त शिकार, पानी और सुरक्षा मिलती है तो बाघिन अपने शावकों के साथ उस क्षेत्र को स्थायी टेरिटरी के रूप में अपना लेती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए वन विभाग ने यूएसटीआर में हिरण और नीलगाय छोड़ने का निर्णय लिया है।

## वनकर्मियों को निगरानी और मॉनिटरिंग के निर्देश

### प्रवासी बाघों की रहती है आवाजाही

उल्लेखनीय है कि पिछले महीने यूएसटीआर में आया एक नर बाघ शिकार की तलाश में भटकते हुए धमतरी, फिर महासमुंद और इसके बाद बार नवापारा अभयारण्य तक पहुंच गया था। बार नवापारा के बाद बाघ किसी अन्य वन क्षेत्र में प्रवेश कर गया, जिसका ट्रेस फिलहाल नहीं मिल पाया है। इस घटना के बाद भी विभागीय अधिकारियों ने यूएसटीआर में प्रे-बेस मजबूत करने की जरूरत महसूस की। जानकारों का मानना है कि उदंती–सीतानदी टाइगर रिजर्व में प्राकृतिक रूप से पानी की पर्याप्त उपलब्धता है। भोरमदेव क्षेत्र के साथ यहां प्रवासी बाघों की आवाजाही लगातार बनी रहती है। यदि बाघों को आसानी से शिकार मिलने लगे तो प्रजनन के लिए आई बाघिन अपने शावकों के साथ यूएसटीआर में स्थायी रूप से निवास कर सकती है। प्रे-बेस सुधार से न केवल बाघ संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि पूरे इको-सिस्टम को भी लाभ होगा।



## खबर संक्षेप

### दिल्ली रवाना हुए कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव



**मैनपुर।** दिल्ली में 14 दिसंबर को रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की महारैली में शामिल होने के लिए मैनपुर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव भी रवाना हुए है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने बताया की लोकतंत्र बचाने की दिशा में कांग्रेस द्वारा महारैली का आयोजन किया जा रहा है इसमें शामिल होने छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित पूरे देश भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंच रहे है। रैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। श्री ध्रुव ने कहा की वोट चोरी को लेकर अब देश की जनता समझ चुकी है और वोट चोरी के खिलाफ एक महारैली का आयोजन दिल्ली में किया जा रहा है जिसमें ब्लॉक स्तर से भी कार्यकर्ता जा रहे है।

### बुजुर्ग का किया अंतिम संस्कार

**महासमुंद।** दलदली मार्ग स्थित वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्ग पुनित राम पिता अंजोर सिंग निषाद का जिला चिकित्सालय में देहावसान हो गया, जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्यों ने किया।

## प्रेस कॉन्फ्रेंस : दो साल में 759 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत, क्षेत्र विकास के पथ पर तेजी के साथ अग्रसर

# राजिम की तस्वीर और तकदीर तेजी से बदल रही है : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

13 दिसंबर को विष्णुदेव साय सरकार के 2 बरस पूरे होने पर राजिम विधायक रोहित साहू ने शनिवार को राजिम रेस्ट हाऊस में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस लेकर राजिम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यो एवं विष्णुदेव साय के कार्यकाल की उपलब्धियो को सिलसिलेवार बताया। विधायक श्री साहू ने बताया कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के तीनो विकासखंड गरियाबंद,छुरा एवं फिंगेश्वर में 759 करोड़ रूपए के काम स्वीकृत कराया है। ये सारे काम क्षेत्र में चल रहा है। विधायक श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के पूरे 5 साल के कार्यकाल में जितना काम नही हुआ उससे कई गुणा ज्यादा सिर्फ 2 साल में हुआ है।

अभी तो इस कार्यकाल का 3 साल और बचा है जो उपलब्धियो भरा रहेगा। कहा कि राजिम क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बहुत तेजी के साथ बदल रही है। ये सब राजिम क्षेत्र की देवतुल्य जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के मेहनत और समर्थन से संभव हुआ है। राजिम क्षेत्र की जनता ने मुझ पर बहुत ही आत्मीयता दिखाते हुए विश्वास जताया है। मै वचन देता हूं कि क्षेत्र की जनता के विश्वास पर पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। विधायक श्री साहू ने बताया कि 3 दिसंबर को परिणाम निकला और 13 दिसंबर को छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी। कहा कि विष्णुदेव साय की सुशासन सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक-एक गारंटी को बहुत ही संजीदगी के साथ पूरा करने में लगे हुए है। कांग्रेस शासनकाल में गरीबो के आवास रोक दिए गए थे। जैसे ही हमारी सरकार बनी तो सबसे पहला आवास के लिए 18 लाख आवास स्वीकृत हुए। आज गांव-गांव में आवास का काम बहुत तेजी के साथ चल रहा है। खोजे राजमिस्त्री नही मिल रहे है और न ही काम करने वाले मजदूर। कहा कि आवास का काम पूरे छत्तीसगढ़ में चल रहा है। उन्होने राजिम क्षेत्र में चल रहे विभिन्न कार्यों को सिलसिलेवार बताया।



छुरा ब्लॉक के पीपरछेड़ी जलाशय का काम कई दशको से रूका पड़ा था जिसकी स्वीकृति मिल गई है। ये प्रोजेक्ट 84 करोड़ 96 लाख रूपए का है। इसी तरह कोटरी जलाशय 21 करोड़ 29 लाख,आमानाला जलाशय 5 करोड़ 57 लाख,कोसमी जलाशय 2 करोड़ 91 लाख, देगांव 23 करोड़, राजिम कुंभकल्प मेला के गंगा घाट और अन्य आवश्यक कार्यो के लिए 7 करोड़ 64 लाख , राजिम उपसंभाग में कार्यालय भवन एवं अन्य कार्य के लिए 2 करोड़ 99 लाख, पितईबंद माईनर 2 करोड़ 54 लाख, राजिम मेले में आवश्यक व्यवस्था 2 करोड़ 57 लाख, पैरी परियोजना के अंतर्गत दायी तट नहर के चैन क्रमांक 1232 से 1370 तक परसदा वितरत शाखा के 6 माइनर कार्य के लिए 3 करोड़ 13 लाख रूपए। सरगी नाला कसेरूडीह के पास एनीकट निर्माण 3 करोड़ 81 लाख, इसी तरह छुरा में मुख्य नहर तथा लघु नहर का मॉडलिंग एवं सीमेंट कांक्रीट लाइनिंग कार्य 1 करोड़ 18 लाख, जुनवानी जलाशय 1 करोड़ 61 लाख , भरूवा जलाशय 1 करोड़ 84 लाख, छुरा ब्लॉक के शासकीय भवनो एवं जीर्णोद्धार के लिए 1 करोड़ 87 लाख,राजिम-कौंदकेरा-छुरा मार्ग चौड़ीकरण 187 करोड़, हरदी कासरबाय बहेराबुड़ा मार्ग पर पगारनाला उच्च स्तरीय पुल 5 करोड़ 9 लाख, कौंदकेरा खुरियाडीह मार्ग उच्चस्तरीय पुल 6 करोड़ 74 लाख, राजिम-फिंगेश्वर सरगी नाला में उच्चस्तरीय पुल 8 करोड़ 21 लाख।

### क्षेत्र की तस्वीर 5 साल में बदल जाएगी

जिला मुख्यालय गरियाबंद में 40 सीटर था उसे 100 बिस्तर हास्पिटल की स्वीकृति 18 करोड़ 9 लाख रुपए की स्वीकृति दिलाया गया। जिले में एक सिटी स्कैन मशीन की सुविधा नहीं थी इसके लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपए स्वीकृत कराया गया है। राजिम में भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा के लिए 5 करोड़ रुपए की स्वीकृति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दिया हैं। विधायक रोहित साहू ने पूरे आत्मविश्वास के साथ पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा कि समूचे राजिम विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर पूरे 5 साल में बदल जाएगी और यह क्षेत्र विकास के पथ पर बहुत तेजी के साथ अग्रसर होगा। उन्होने चुन-चुनकर एक- एक स्वीकृत कार्यो की राशि को खुले रूप में पारदर्शिता के साथ पत्रकारो के समक्ष रखा। कहा कि सबका साथ सबका विश्वास से आगे और काम होंगे। उन्होने राजिम क्षेत्र में स्वीकृत हुए सभी कार्यो के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं सीएम विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव,जिला भाजपा महामंत्री चंद्रशेखर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू,नगर पंचायत के सभापति आकाश राजपूत सहित बड़ी संख्या में राजिम क्षेत्र के स्थानीय पत्रकार मौजूद थे।

# बिजली स्कूल में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला बिजली, मड़वाडीह पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृत के सुभाषित वाक्यों में शुभस्य शीघ्रम की बात कही जाती है अर्थात पुण्य कार्य में शीघ्रता की जानी चाहिए।

एक ऐसे ही कार्य की पहल करते हुए मोतीराम निषाद पूर्व सरपंच द्वारा अपनी माता स्व. शिवबती निषाद के दशगात्र कार्यक्रम के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत बिजली के अंतर्गत अधीनस्थ शाला शासकीय प्राथमिक शाला बिजली, नवाडीह प्राथमिक शाला बिजली, मड़वाडीह पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में न्योता भोज कार्यक्रम का आयोजन विजय कुमार कंडरा (विधायक प्रतिनिधि) रामानारायण मिश्रा (प्राचार्य बिजली), नोहर सिंह निषाद (प्राचार्य बोरसी), व्याख्याता पूरन लाल साहू, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, (देवगांव) उप सरपंच तोषण पटेल, पूर्व उप सरपंच गजेंद्र निषाद की आतिथ्य में न्यौता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्योता भोज के तहत बच्चों को दाल, चावल, सब्जी के अलावा बड़ा, पूड़ी, लड्डू, मिक्सर परोसा गया। भोजन करते समय बच्चों के चेहरे पर खुशियां झलक रही थी। कार्यक्रम के अंत में मोतीराम निषाद द्वारा उपस्थित अतिथियों को भारत माता का छायाचित्र भेंटक सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक भुवन यदु व आभार व्यक्त पूर्व उप सरपंच गजेंद्र निषाद ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता पूरन लाल साहू, दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, प्रधान पाठक नंदकुमार यादव, वीरेंद्र साहू, बिसरू राम निषाद, लता ध्रुव, विद्या बोरझा, शिक्षक रुद्र प्रताप साहू, नेहा भोसले, प्रगति देवांगन, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी, यशवंत साहू, खुमान पटेल, पटेल व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।



# करलाझर, कोदोमाली व नागेश में घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र अंतर्गत दूरस्थ वनांचल में बसे करलाझर, कोदोमाली, नागेश में जल जीवन मिशन योजना के तहत गांव में पानी की टंकी लगाकर घरो में नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन इस सोलर ड्यूल पंप के माध्यम से लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों द्वारा लगातार इसकी शिकायत किया जा रहा है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव में पानी की प्लास्टिक टंकी लगाकर घर-घर पाइप लाइन बिछाया गया है लेकिन जहां पर टंकी लगा है वहीं पर ही कुछ स्थानों पर पानी आ रहा है और ग्रामीणों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों- करोड़ों रूपये खर्च करने के बावजूद इसका लाभ जितना मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत के सरपंच चैती बाई, उपसरपंच हरिहर यादव, अर्जुन नायक व ग्रामीणों ने बताया की साहेबिनकछार में ही पानी चल पा रहा है बाकी जगह पानी नहीं मिल पा रहा है। कई बार शिकायत कर थक चुके हैं लेकिन इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है जिसके कारण आज भी ग्रामीणों को नदी नाले झरिया का पानी पीने मजबूर होना पड़ रहा है। यहां लगाए गए पानी टंकी शोपिस बनकर रह गया है। ग्रामीणों ने पेयजल सप्लाई व्यवस्था को ठीक करने की मांग किया है।



# छुईहा में कड़ाके की ठंड की दस्तक न्यूनतम पारा 11 डिग्री तक पहुंचा



**छुईहा बेलर।** छुईहा क्षेत्र में दिसंबर माह के पहले सप्ताह से ही कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है। रात में न्यूनतम तापमान गिरकर 11 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे आम जनजीवन पर असर साफ नजर आने लगा है। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों, अलाव और अन्य उपायों का सहारा ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी ठंड की यही स्थिति बने रहने की संभावना है। बीते नवंबर माह में जहां न्यूनतम तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं धीरे-धीरे गिरावट के बाद यह 13 डिग्री तक पहुंचा। अब पिछले पांच दिनों से ठंड में और इजाफा हुआ है। वर्तमान में न्यूनतम तापमान 11.1 डिग्री सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है, जिससे सुबह-शाम कड़ाके की ठंड का एहसास हो रहा है। छुईहा ग्रामीण इलाकों में स्थिति और भी गंभीर नजर आ रही है। रात नौ बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। सुबह के समय ओस की बूंदें गिरने लगी हैं और तापमान में करीब दो डिग्री की अतिरिक्त गिरावट महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के रिकॉर्ड के मुताबिक सप्ताह भर न्यूनतम तापमान इसी स्तर पर बने रहने की संभावना है।

### अलाव की व्यवस्था से मिल रही राहत

ठंड से राहत दिलाने के लिए छुईहा बस स्टैंड पर दो स्थानों इसके अतिरिक्त बाजार चौक पर अलाव की व्यवस्था की गई है। इनके सूत्रधार संतोष सिन्हा प्रतिदिन सुबह तीन बजे आग की व्यवस्था सुनिश्चित कर रहे हैं। वहीं चिंता राम साहू, योगेश सिन्हा, आशाकांत रजक, डायमंड, लीलाराम, बलिराम तारक, वीर नारायण द्वारा सुबह-शाम नियमित रूप से अलाव जलाया जा रहा है। ठंड बढ़ने के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से लकड़ी की मांग भी बढ़ी है, जिसे देखते हुए जरूरतमंद स्थानों पर लकड़ी उपलब्ध कराई जा रही है। कुल मिलाकर, छुईहा क्षेत्र में बढ़ती ठंड ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर दिया है और आने वाले दिनों में सावधानी बरतने की जरूरत बनी हुई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
20 वर्षों से
बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
25 शीटें शेष
राशि :- स्लीपर 20,500/-, 3 एसी-32,500/-, 2 एसी 38,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## फिंगेश्वर में विज्ञान शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण हुआ

# प्रशिक्षण से शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के निर्देशानुसार नई पाठ्य पुस्तकों पर विज्ञान शिक्षकों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विकासखंड स्रोत समन्वयक केन्द्र फिंगेश्वर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने बताया कि विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के पाठ्यपुस्तकों की संरचना विषय वस्तु और शिक्षण पद्धति से परिचित कराने के उद्देश्य आयोजित किया गया था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था में व्यापक बदलाव किए हैं। इन बदलावों के तहत पाठ्यक्रम को अधिक व्यावहारिक, कौशल आधारित और छात्र केंद्रित बनाने पर जोर दिया गया है। नई पुस्तकों में गतिविधि आधारित शिक्षण परियोजना कार्य और स्थानीय संदर्भों को शामिल किया गया है। जिससे विद्यार्थियों में आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान की क्षमता विकसित हो सके। इस प्रशिक्षण में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति पाठय चर्चा की नई रूपरेखा सहित पाठय पुस्तक के पाठों, प्रस्तावित अवधारणाओं और उसके अनुरूप बच्चों के साथ कक्षा में की जाने वाली गतिविधियों को शामिल किया गया है। विज्ञान शिक्षक प्रशिक्षण अब केवल विषय ज्ञान तक सीमित नहीं बल्कि इसमें डिजिटल साक्षरता, व्यावहारिक अनुभव और नवीन शिक्षण पद्धतियां शामिल है जो शिक्षा के बदलते परिदृश्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आगे बताया कि इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण से शिक्षण कार्य की गुणवत्ता में सुधार होगा। शिक्षक कक्षा में अधिक संवादात्मक और गतिविधि आधारित शिक्षण पद्धति अपनाएंगे और छात्रों का नई शिक्षा नीति के अनुरूप विकास सुनिश्चित हो सकेगा। मास्टर ट्रेनर नेमूराम साहू, नेतराम साहू, संतोष साहू, उमाकांत साहू युवरानी ध्रुव, रेखू साहू द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। समापन समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी हेमंत कुमार साहू, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी अनिल ध्रुव, देवेंद्र सिंह बहल उपस्थित थे। आगामी 15 दिसंबर से सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत प्रशिक्षण आयोजित की जावेगी।



हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
आवश्यकता है
• सीनियर मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
• मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव (रीजनल)
• शैक्षणिक योग्यता : 12वीं / स्नातक
• अनुभव: मार्केटिंग / सेल्स में एवं कम्प्यूटर (अनुभवी को प्राथमिकता)
• कौशल : उत्तम संप्रेषण क्षमता, टीम भावना, तथा ग्राहक संबंध बनाने की योग्यता
• वेतन : आकर्षक वेतन एवं प्रोत्साहन
• स्थान : रायपुर (छ.ग.)
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा के साथ हरिभूमि रायपुर कार्यालय में संपर्क करें
संपर्क
संपर्क करें : inhnewshr@gmail.com
एच.आर.
9303492276
9522283349
हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर